पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)
———————

राजभवन में सम्पन्न हुआ श्रम दान कार्यक्रम

————————

उत्साह के साथ परिसर की सफाई में जुटे अधिकारी एवं कर्मचारी

—————————

शिव मंदिर में आस्था के साथ सफाई करती दिखीं महिला कर्मचारी

————————

लखनऊ : 21 जुलाई, 2022

राजभवन परिसर में आज राजभवन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने साफ–सफाई करके श्रमदान कार्यक्रम में योगदान दिया। अपर मुख्य सचिव राज्यपाल महेश कुमार गुप्ता की देख–रेख में आज आयोजित श्रमदान में राजभवन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। विशेष सचिव राज्यपाल बी.एन. सिंह के नेतृत्व में राजभवन के अन्नपूर्णा हाल के समक्ष, शिव मंदिर, सचिवालय परिसर, अस्पताल, पंचतंत्र वाटिका, चीकू बाग की विशेष साफ–सफाई की गई। महिला कर्मचारी शिव मंदिर परिसर में विशेष रूप से आस्था के साथ सफाई करती दिखीं। अधिकारीगण स्वयं झाड़ू और फावड़े से कूड़ा निस्तारण, मिट्टी की लेवलिंग करते नजर आए।

यहां बताते चलें कि राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल अपने सम्बोधनों में अक्सर विश्वविद्यालयों, स्कूलों, कार्यालयों के परिसरों में साफ–सफाई रखने, वहां कार्यरत अधिकारियों को साफ–सफाई व्यवस्था के प्रति स्वयं सचेत रहने पर जोर देती रही हैं। वे स्वयं भी राजभवन परिसर का निरीक्षण कर परिसर की व्यवस्था और सौन्दर्यीकरण पर ध्यान देती रही हैं। इसी क्रम में उनकी प्रेरणा से आज राजभवन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने मिल–जुल कर श्रमदान करके परिसर की स्वच्छता में योगदान दिया।

———————

डा0 सीमा गुप्ता सूचना अधिकारी/राजभवन (284/40)
सम्पर्क सूत्र 8318116361